आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–27 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

भारी बारिश ने राज्य के कई हिस्सों में सामान्य जीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राज्य के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। आकाशवाणी संवाददाता ने बताया है कि राज्य के मध्य, पूर्वांचल और तराई क्षेत्र के कई जिलों में कल से भारी बारिश हो रही है। कई जिलों में प्रशासन ने कक्षा 8 तक के स्कूल आज और कल भी बंद कर दिए हैं। भारी बारिश के कारण जलभराव हो गया और सड़क यातायात प्रभावित हुआ। राज्य में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक की और उन्हें कल रात से हो रही मूसलाधार बारिश के मद्देनजर सतर्क रहने को कहा। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए लखनऊ मौसम केंद्र के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने कहा कि अगले 2 दिनों तक बारिश जारी रह सकती है और इसका कारण मध्य प्रदेश में बना कम दबाव का क्षेत्र है जो उत्तर प्रदेश के मध्य क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है।

आने वाले दो दिनो में प्रदेश में अच्छी बारिश की संभावना है जो कल का जो है पूरे सेंट्रल उत्तर प्रदेश में स्पेशली जो तराई बेल्ट है नेपाल से सटे हुए जिलों में वहां भारी बारिश का अलर्ट है बाकी जो सेंट्रल पार्ट है वहां मध्यम बारिश का संभावना हैं तो ये कल और परसों दो दिन जारी रहेगा। उसके बाद फिर मामला धीरे धीरे थोड़ा कम होता चला जाएगा।

****

ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आज तीसरा दिन है। आज ट्रेड शो में भारतीय निर्यातकों के सामने चुनौतियों के विषय पर चर्चा हुई। जिसमें प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान और नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने सरकार की तरफ से निर्यातकों को दिये जा रहे प्रोत्साहन की जानकारी साझा की। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने बताया कि दो हजार सत्रह में प्रदेश का निर्यात अट्ठासी हजार करोड़ रूपये था। जो दो हजार चौबीस में बढ़कर एक लाख सत्तर हजार करोड़ रूपये हो गया है। इस बीच लगातार तीसरे दिन इंटरनेशनल ट्रेड–शो में लगे प्रदेश के ओडीओपी और एमएसएमई उत्पादों के स्टॉल आगन्तुकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

****

आज विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। झांसी में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह आयोजन बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री ने पर्यटन से जुड़े उद्यमियों को सम्मानित करने के साथ पर्यटन साहित्य का विमोचन और चित्रकूट के मोबाइल एप को भी लांच किया। विश्व पर्यटन दिवस पर चित्रकूट में आज दो सौ स्कूली बच्चों और पर्यटकों को रामायण दर्शन शो निःशुल्क दिखाया गया।

उधर वाराणसी में जिलाधिकारी यश राज लिंगम के नेतृत्व में टूरिज्म गिल्ड की तरफ से होटल ताज से वरूणा पुल तक पर्यटन पद यात्रा निकाली गयी। गोरखपुर में बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन महापौर डाक्टर मंगलेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पर्यटन पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

****

कोरिया की प्रख्यात कलाकार औरा के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर आई हुई है। टीम में तीन कोरिया के और तीन भारत के कलाकार हैं। यह टीम प्रदेश में बौद्ध तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर लोगों को इसके इतिहास के प्रति जागरूक कराने निकली है।

****

दो अक्टूबर को महराजगंज जिले के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक अक्टूबर से तीन अक्टूबर तक महराजगंज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस सबंध में जिलाधिकारी अनुनय झां ने बताया कि महराजगंज महोत्सव में स्थानीय कलाकारों के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति करेंगे।

****

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज मिर्जापुर के पड़री में आयोजित स्वंय सहायता समूहों के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने स्वंय सहायता समूहों से जुड़ी कई महिलाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरूण और संजीव कुमार गोंड भी मौजूद रहें।

****

भारत और बांग्लादेश की क्रिकेट टीमों के बीच दो मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच आज कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आज से शुरू हुआ। हालांकि पहले दिन के खेल में बारिश ने व्यवधान उत्पन्न किया और आज सिर्फ पैंतीस ओवर का खेल हो सका। पहले दिन का खेल रोके जाने तक बांग्लादेश ने तीन विकेट के नुकसान पर एक सौ सात रन बना लिये थे। टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीत कर भारत बढ़त बना चुका है।

****

हज कमेटी ऑफ इण्डिया ने हज यात्रा दो हजार पच्चीस के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को तेइस सिंतबर से बढ़ाकर तीस सितंबर कर दिया है। हज यात्रा के लिए आवेदक के पास अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता पन्द्रह जनवरी दो हजार छब्बीस तक होना जरूरी है।

****